
Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919


# कहो ना आस निरास भई... यानी भैरों प्रसाद मिश्र

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

- पर्चा खरीदकर पूर्व सांसद ने फिर मचाई राजनीतिक हल्के में हलचल



**अमृत विचार।** पूर्व सांसद और खांटी राजनेता भैरों प्रसाद मिश्र ने एक बार फिर राजनीतिक हल्कों में हलचल मचा दी है। उन्होंने नामांकन पत्र खरीदकर अपने चुनाव लड़ने की संभावनाओं को जिंदा रखा है। हालांकि भैरों कहते हैं, यह नामांकन पत्र हथियार है, सुरक्षा कवच है और लोकतंत्र को जिंदा रखने, सूरत जैसी घटनाओं को रोकने में काम आएगा।

पुरानी फिल्म दुश्मन में महान गायक कुंदनलाल सहगल ने एक अमरगीत गाया था, करूं क्या आस निरास भई...। भैरों प्रसाद के संदर्भ में इस गीत को कुछ इस तरह कहा जा सकता है, कहो ना आस निरास भई...। मतलब निराश नहीं होऊंगा, आस नहीं छोड़ूंगा। भाजपा के जिले के इस कद्दावर नेता के पार्टी में ही तमाम विरोधी हैं पर इसको परवाह नहीं। भैरों प्रसाद ने बांदा-चित्रकूट सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र खरीदकर उन संभावनाओं को एक बार फिर संजीवनी दे दी है कि वह चुनाव मैदान में नजर आएंगे। पर्चा खरीदने के बाद बातचीत में पूर्व सांसद ने एक बार फिर जिले में भाजपा की स्थिति खराब बताई। उन्होंने कहा कि लोग भाजपा से नहीं बल्कि प्रत्याशी से नाराज हैं।

उन्होंने कहा कि पहले लोग ब्राह्मण प्रत्याशी के न होने से नाराज थे पर अब इस समुदाय से भी एक उम्मीदवार आ चुका है। ...तो आपने नामांकन पत्र क्यों खरीदा, इस सवाल के जवाब में भैरों प्रसाद ने कहा कि पर्चा लेकर रख लिया है। आज कल पर्चे बहुत कैंसिल कराए जा रहे हैं। सूरत जैसी घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में यह सुरक्षा कवच है, किसी भी पार्टी के लिए। लोकतंत्र जीवित रहे, इसके लिए उन्होंने नामांकन पत्र खरीदा है। वह संरक्षक की भूमिका में हैं। हो सकता है कि भाजपा से ही टिकट आ जाए।

गौरतलब है कि इस समय पार्टी और पार्टी के बाहर उनके आलोचक यह कह रहे हैं कि भैरों प्रसाद की राजनीति समाप्त प्राय है और इसलिए वह चर्चा में रहने के हथकंडे अपनाते हैं। इस तरह के सवालों पर अपने आलोचकों को जवाब देते हुए राजनीति के इस मंझे हुए खिलाड़ी का कहना था, मैं मरे हुए लोगों की परवाह नहीं करता। जब तक सांस है, मैं राजनीति करता रहूंगा।

### ...तो क्या किसी दल से मिली हरी झंडी

बातचीत में आश्वस्त नजर आ रहे भैरों की बातों से ऐसा लगा कि उनको किसी दल से हरी झंडी मिल गई है या फिर मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह सुरक्षा कवच यानी नामांकन पत्र किसी भी पार्टी के लिए हो सकता है। कटाक्ष किया कि हो सकता है कि किसी का सिंबल आने में देरी हो जाए, हेलीकाप्टर लेट हो जाए या फिर शायद भाजपा को सद्बुद्धि आ जाए। ऐसे में नामांकन पत्र तो काम आएगा।

### हर तरह की संभावना : भैरों प्रसाद

कल तक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में न उतरने की बात कहने वाले पूर्व सांसद भैरों प्रसाद के सुर आज कुछ बदले बदले थे। उन्होंने कहा, मेरे लिए समाज साध्य है। जनभावनाएं सर्वोपरि हैं। इसीलिए तरकश में हर तरह के तीर रखता हूं। उन्होंने कहा कि अपने समर्थकों और जनभावनाओं के आधार पर निर्दलीय, किसी दल के समर्थन से या फिर दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में आ सकता हूं। सभी विकल्प खुले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण जनभावनाएं हैं। पार्टीलाइन से भी ज्यादा। वह जनता की सेवा करते रहेंगे।

## पहले मतदान फिर जलपान...



रामनगर (चित्रकूट)। कंपोजिट विद्यालय पियरियामाफी में चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र शुक्ला, लेखपाल चंद्रिका प्रसाद पांडेय आदि ने मतदाता जागरूकता पर बातें कहीं। लोगों को पहले मतदान फिर जलपान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक शंकर दयाल शुक्ला, हिमांशी सिंह, मनीष पांडेय शिक्षक, रमाशंकर, जितेंद्र कुमार, अवधेश सिंह आदि मौजूद रहे। ● अमृत विचार

# गैस सिलेंडरों पर चुनाव जागरुकता के लिए लगाए जाएं स्टीकर :डीएम

## आपूर्ति विभाग ने गैस एजेंसी संचालकों के साथ निकाली रैली, अधिकारियों ने दिखाई झंडी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



रैली को हरी झंडी दिखाते डीएम और सीडीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुपालन में शनिवार को आपूर्ति विभाग ने गैस एजेंसी संचालकों के साथ मतदाता जागरुकता रैली निकाली। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने रैली को हरी झंडी दिखाई। गैस एजेंसी संचालकों से कहा गया कि सिलेंडरों पर मतदाता जागरूकता संबंधी स्टीकर लगाकर ही वितरण करें। रैली का शुभारंभ करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। उन्होंने सबसे अपील की कि 20 मई को अधिक से अधिक संख्या में मताधिकार का प्रयोग करें। रैली में शामिल लगभग तीन दर्जन वाहनों को बैनर और गुब्बारों से सजा गया। रैली पाठा जलकल से शुरू होकर गंगाजी रोड होते हुए चकरेही चैराहे पहुंची, जहां लोगों ने इसका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद ट्रैफिक चौराहा, पटेल चैराहा, एलआईसी तिराहे से मिशन रोड, धुस मैदान से पाठा जलकल पर ही रैली का समापन किया गया। यहां जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने वाहन चालकों, डिलीवरीमैनों को संबोधित किया।

### बच्चों से लगवाए पंफलेट बैनर तो नपेंगे

बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार चुनाव में निर्वाचन संबंधी कार्य कराने, प्रचार-प्रसार गतिविधियों तथा पंफलेट, पोस्टर चिपकाना व अन्य कामों में किशोर-किशोरियों, 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों को लगाना आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। अपील की कि प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधि चुनाव प्रचार-प्रसार में बच्चों को लगाने से बचें। ऐसी कोई भी गतिविधि बाल श्रम मानी जाएगी। इसे बाल श्रम कानून का उल्लंघन व आदर्श आचार संहिता का भी उल्लंघन माना जाएगा।

# रेड इलेविन ने तीन विकेट से जीत लिया मैत्री मैच

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- चिल्ला रोड श्रीनाथ विहार स्थित भागवत प्रसाद क्रिकेट अकादमी में खेला गया मैत्री मैच



**अमृत विचारः** निखिल यादव की घातक गेंदबाजी की बदौलत रेड इलेविन ने ब्लू इलेविन को तीन विकेट से पराजित कर दिया। समापन पर दोनों टीमों और उनके खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

चिल्ला रोड श्रीनाथ विहार स्थित भागवत प्रसाद क्रिकेट अकादमी में शनिवार को रेड और ब्लू इलेविन टीमों के बीच मैत्री मैच खेला गया। ब्लू इलेविन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 10 विकेट खोकर 155 रनों का स्कोर खड़ा किया। बल्लेबाज अयांश ने 38, उर्मलेश ने 21 और शिवा ने 24 रनों का योगदान दिया। रेड इलेविन के बालर निखिल यादव ने घातक गेंदबाजी करते हुए सात खिलाड़ियों को आउट किया। दो विकेट दिव्यांशु ने लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेड इलेविन टीम ने अब्दुल्ला के 52, आलेख के 19 और सचिन के नाबाद 22 रनों की बदौलत तीन विकेट शेष रहते लक्ष्य पा लिया। ब्लू इलेविन के गेंदबाज पंकज पासवान ने तीन व हामिद और तालिब ने दो-दो विकेट चटकाए। क्रिकेट कोच सलमान ने दोनों टीमों और उनके खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए शुभकामनाएं दीं।

## सार-संक्षेप

### बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी ने बताया कि मतदान की समाप्ति के नियत समय से 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्त होने तक तथा मतगणना के दिन आबकारी की दुकानें पूर्णतया बंद रखी जाएंगी। शराब की दुकानों, होटल आदि में शराब बेचने तथा पेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उल्लंघन की स्थिति में अनुज्ञापियों /दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शराब की दुकानों के संचालकों से अपील की है कि शासन की ओर से जारी किए गए निर्देशों का पालन करें।

### लिपिक पर लगाए लापरवाही के आरोप

**चित्रकूट।** नगर पालिका के एक लिपिक पर कुछ लोगों ने वाटर कूलर बनवाने में शिथिलता बरतने के आरोप लगाए हैं। इनका कहना है कि अधिकारियों के निर्देश के बाद भी कूलर नहीं बनवाए जा रहे, जिससे लोगों को दिक्कत हो रही है। उधर, इस संबंध में ईओ लालजी ने बताया कि लिपिक की लापरवाही सामने आई है, वह इस पर कार्रवाई करेंगे।

### तीन आरोपी गिरफ्तार, अवैध शराब बरामद

**चित्रकूट।** बरगढ़ थाने के एसआई पवन कुमार प्रधान ने ननकू पुत्र रामसजीवन निवासी कटैया डांडी को 55 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पहाड़ी के एसआई विपिन कुमार मिश्रा ने महेश प्रजापति पुत्र संतोष निवासी कहेटामाफी को 17 क्वार्टर देशी शराब के साथ व राजापुर के एसआई इमरान खान ने बालकेश सोनकर पुत्र लवलेश निवासी गोस्वामीनगर को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ पकड़ा। सभी के विरुद्ध संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गईं। पुलिस का कहना है कि शराब का धंधा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

### कायस्थ महासभा की बैठक आज

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 28 अप्रैल को कायस्थ माथुर धर्मशाला चौगलिया सीतापुर में होगी। इसमें प्रदेशस्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इस मौके पर बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया जाएगा।

# गोवंश को चराने की मांगी अनुमति

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- ग्राम प्रधान संगठन ने कलेक्ट्रेट में एसडीएम को दिया ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन देते प्रधान संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्राम प्रधान संगठन ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम (अतिरिक्त) को भेंट किया। सौंपे ज्ञापन में गोवंश को आश्रय स्थलों में रखने की बाध्यता समाप्त करने की मांग की। बताया कि जनपद-जालौन में भीषण गर्मी पड़ती है, गोवंश के स्वास्थ्य व स्वभाव की दृष्टि से उपयुक्त व्यवस्था के बाबजूद, पीने का पानी गरम हो जाना के चलते गौशाला में उनकी सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अतः उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुये अनुरोध है कि गोवंश को ग्राम पंचायतों द्वारा संचालित अस्थाई, स्थाई गोवंश आश्रम स्थलों में रखने की बाध्यता को समाप्त करते हुए प्रतिदिन कुछ घंटों के लिये खाली पड़े खेतों में केयर टेकरों द्वारा चराने की अनुमति प्रदान करें।

# पुलिस की पहल पर थाना परिसर में शादी

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** शनिवार को थानांतर्गत एक गांव निवासी युवती ने थाने में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उसकी शादी रूरल मानिकपुर में तय हो चुकी है। हालांकि अब उसके पिता दूसरी जगह शादी करना चाहते हैं। उसने तय रिश्ते में ही शादी करने की इच्छा जताई। इस पर एसओ रीता सिंह ने दोनों पक्षों को थाने में बुलाया। उन्होंने दोनों पक्षों से बात की और समझाया। इसके बाद दोनों पक्ष शादी करने को राजी हो गए। एसओ ने बताया कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से थाना प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में विवाह की रस्में पूरी कराई गईं।

# अपहरण, ठगी के मामले में समझौता !

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- अमेठी निवासी व्यापारी ने कहा, दबाव में कराया हस्ताक्षर
- कौशांबी निवासी व्यापारी का कहना, मेरे पास हैं पूरे सबूत

**अमृत विचार।** अमेठी के व्यापारी के कथित अपहरण और ठगी के मामले में बीते दिन दोनों पक्षों के बीच स्टांप में समझौता हो गया। हालांकि मामले में नया मोड़ तब आ गया, जब अमेठी के व्यापारी दंपति ने आरोप लगाया कि कौशांबी थाने में एसओ और अपहर्ताओं के दबाव में उसने समझौतानामे पर हस्ताक्षर किए हैं। अब वह फिर एफआईआर दर्ज कराएगा। उधर, कौशांबी निवासी व्यापारी का कहना है कि वह दिए रुपये वापस लेगा।

गौरतलब है कि अमेठी निवासी नीतू सिंह ने कर्वी कोतवाली में ऑनलाइन शिकायत की थी कि उसके पति आशुतोष का कौशांबी निवासी व्यापारी ने तब अपहरण कर लिया था, जब वह 25 अप्रैल को चित्रकूट में जिला खनन अधिकारी के यहां अपनी बंधक धनराशि की एफडी लेने आए थे। हालांकि बाद में पता चला था कि दोनों पक्ष कौशांबी थाने में बैठे हैं।

शनिवार को दूसरे पक्ष से बैरौंधा (कौशांबी) निवासी नितीश मिश्रा ने बताया कि कौशांबी में एसओ के समक्ष दोनों पक्षों के बीच स्टांप में लिखित समझौता हो गया है। इसके तहत ग्राम गढ़ा पोस्ट दुलारीनगर थाना कमरौली जिला अमेठी निवासी आशुतोष की पत्नी नीतू ने एक मई को तीन लाख रुपये देने की बात मानी है। स्टांप में स्वीकारा गया है कि प्लांट क्रशर लगाने के नाम पर नीतू एंड कंपनी के अकाउंट में 10 लाख रुपये, फोन पे से एक लाख पचास हजार और शेष 50 हजार रुपये खदान के मैनेजर द्वारा भेजा गया था।

### रुपये हर हाल में लेकर रहेंगे:नितीश

उधर, कौशांबी निवासी नितीश का कहना था कि उसके पास एक एक सबूत हैं। जरूरत पड़ी तो वह पेश कर देगा। उसने यह भी कहा कि अगर मारपीट की है तो कार्रवाई की जाए। मैंने रुपये दिए हैं तो हर हाल में वापस लेकर रहूंगा। इसमें किसी तरह का संदेह नहीं है।

### मेरा क्या लेना-देनाः एसओ कौशांबी

उधर, इस संबंध में एसओ कौशांबी नीलम राघव ने कहा कि मेरा इस मामले से क्या लेना-देना। दोनों पक्षों को जो करना हो करें। इससे उनका कोई मतलब नहीं है। यह मामला उनके क्षेत्र का है ही नहीं। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के लोग आए थे, उन्हीं ने समझौता कराया। उनके सामने समझौता नहीं हुआ।

### दबाव में किया समझौता

इस संबंध में आशुतोष का कहना था कि जब कोई अपहरण कर ले, थाने में बैठा ले तो फिर जो वह कहेगा, वही तो लिखा जाएगा। आरोप लगाया कि उससे दबाव में यह समझौता कराया गया। एसओ कौशांबी का भी दबाव था। यह भी कहा कि प्रयागराज में बालू की खदान में वह नितीश के साथ पार्टनर था और जो रुपया उसने खाते में ट्रांसफर किया था, वह इसी पार्टनरशिप का था। उसने यह भी आरोप लगाया कि अपहरण के दौरान उसके साथ मारपीट की गई और वह इसकी एफआईआर दर्ज कराएगा।

**बुरे हालात** बेतरतीब खड़ी होती हैं बसें और अन्य वाहन, जनप्रतिनिधियों से समस्या की ओर ध्यान देने की उठाई मांग

# कहने को तहसील मुख्यालय, एक बस अड्डा तक नहीं



इस तरह हाईवे पर खड़ी रहती हैं बसें और वाहन, जिनसे लगता है जाम। अमृत विचार

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तहसील मुख्यालय होने के बाद भी मऊ में एक अदद रोडवेज बस अड्डे की दरकार है। बस अड्डा न होने से बसें और अन्य वाहन बेतरतीब खड़े होते हैं और इनसे लोगों को परेशानी होती है।

दर्जनों गांवों को जोड़ने वाले मऊ को तहसील और ब्लॉक का दर्जा मिला है। इसके बाद भी बस अड्डा सिर्फ नाम के लिए है। वास्तविकता में गायब मऊ बस अड्डे में यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाएं भी गायब हैं। शुद्ध पेयजल की कोई व्यवस्था तक नहीं है। बस अड्डा न होने से बसें राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे ही खड़ी होती हैं, जिससे आधे रास्ते का आवागमन बाधित होता है। क्षेत्र के राजू अग्रहरि, विकास, विपुल, अंकित त्यौंथा, श्रेयांश बाजपेई उर्फ बेटू, डॉ. राजा शुक्ला, प्रकाश शुक्ला आदि ने प्रशासन और सरकार के प्रतिनिधियों से इस ओर ध्यान देने का अनुरोध किया है।

### समय की मांग है बस अड्डाः राहुल



युवा भाजपा नेता राहुल श्रीवास्तव कहते हैं कि प्रदेश और केंद्र सरकार ने पूरे जिले में कई विकास कार्य कराए हैं। मऊ में भी विकास कार्यों की ओर बहुत ध्यान दिया गया है। मऊ बस अड्डा समय की मांग है। सरकार इस पर भी जरूर ध्यान देगी।

### मऊ पर किसी ने नहीं दिया ध्यान-अजयराज



समाजवादी पार्टी के यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव अजय राज त्रिपाठी का कहना है कि दशकों से उपेक्षित मऊ का कभी ध्यान ही नहीं दिया गया। मऊ के विकास के लिए बस अड्डा की प्राथमिकता होनी चाहिए, जो सरकार के एजेंडे में है ही नहीं।

### कुछ ही दिन चली व्यवस्था-प्रफुल्ल चंद्र



वरिष्ठ अधिवक्ता प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी बताते हैं कि दो ढ़ाई दशक पहले मऊ में टिकट काउंटर आदि की व्यवस्था की गई थी, लेकिन वह बहुत दिनों तक चल नहीं पाई। बस अड्डा के लिए जरूरी मानक यहां पर शून्य हैं।

### विकास की बात करना बेमानी:अनुज यादव



सपा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनुज यादव कहते हैं कि मऊ बस स्टॉप की मांग बहुत पुरानी है। कहा कि डबल इंजन की सरकार से विकास की बात करना बेमानी होगा। चित्रकूट में आठ साल में विकास के नाम पर आठ ईंटें भी नहीं रखी गईं। पूर्व सरकार के काम गिनाकर गुमराह किया जा रहा है।

### यात्रियों को होती दिक्कत:मोफिस खान



शिक्षक मोफिस खान कहते हैं कि मऊ नगर पंचायत में बस अड्डा बनना चाहिए। यहां से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग यात्रा करते हैं। बस अड्डे के अभाव में लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

# व्यय प्रेक्षक ने की बैठक, दिए निर्देश

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट के व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर अधिकारियों से जानकारी ली। निर्देश दिए कि चेकिंग के दौरान नगदी, शराब, पैसा, आभूषण तथा अन्य सामग्री पाए जाने पर निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करें। बताया कि वह आकस्मिक चेकिंग भी करेंगे। अंतर्राज्यीय सीमा चेक पोस्ट पर ठीक से चेकिंग कराई जाए। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, एडीएम राजेश प्रसाद, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, एसडीएम मो. जसीम, आलोक सिंह, सतीश चंद्र, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय पर पैनी नजर रखें नोडल अधिकारी

## व्यय प्रेक्षक ने बैठक कर दिए दिशा निर्देश, टीम आपसी समन्वय स्थापित करें

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से तैनात व्यय प्रेक्षक ने बैठक करते हुए निर्वाचन व्यय पर निगरानी रखने के लिए नोडल अधिकारियों की अगुवाई में गठित टीमों को प्रत्याशियों के व्यय पर पैनी पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। कहा कि उम्मीदवार निर्वाचन के दौरान जो भी धनराशि व्यय करते हैं, उसको उनके चुनाव खाते में जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचन व्यय टीम आपसी समन्वय स्थापित कर सौंपे गए दायित्वों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करें।

सर्किट हाउस सभागार में शनिवार को व्यय प्रेक्षक सब्यसांची चक्रवर्ती ने निर्वाचन व्यय से जुड़े बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्वाचन व्यय संबंधी कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सहायक व्यय पर्यवेक्षकों को लेखा व निगरानी टीम बनाकर क्षेत्र में निरंतर भ्रमण करने के निर्देश दिए। काम को समय पूरा करते हुए सूचनाएं उपलब्ध कराई जाए।


बैठक को संबोधित करते व्यय प्रेक्षक। अमृत विचार

व्यय प्रेक्षक ने विकास भवन में भी निर्वाचन व्यय कार्यों को लगाई गई एफएसटी-एसएसटी वीडियो अवलोकन तथा वीडियो निगरानी टीम तथा अन्य निर्वाचन से जुड़े कर्मचारियों के प्रशिक्षण में प्रतिभाग करते हुए निर्वाचन व्यय कार्यों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय पर सूचनाएं तैयार कर निर्धारित प्रारूप में कोषाधिकारी व नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन व्यय के संबंध में किसी भी समस्या को उन्हें मोबाइल नंबर 9794040809 पर सूचना दें। व्यय प्रेक्षक ने इससे पूर्व कलेक्ट्रेट में स्थापित जिला कंट्रोल सेंटर डीसीसी, सी-विजल एवं शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष, काल सेंटर, मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मानीटरिंग कमेटी सेल का निरीक्षण किया।

नोडल अधिकारी व एडीएम (नमामि गंगे) से जानकारी ली। बैठक एवं निरीक्षण के दौरान एडीएम व उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, कोषाधिकारी व नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण विनोद कुमार, एडीएम (नमामि गंगे) व नोडल अधिकारी एमसीएमसी मनोज श्रीवास्तव और व्यय से संबंधित नोडल अधिकारी तथा सहायक व्यय पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर बने कुलदीप

**बांदा :** समाजसेवी व आरटीआई एक्टविस्ट कुलदीप शुक्ला को स्वच्छ भारत मिशन निदेशालय के निर्देश पर नगर पालिका परिषद का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर समाजसेवियों के साथ तमाम लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

राज्य मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन निदेशालय के निर्देश पर समाजसेवी कुलदीप शुक्ला को समाजसेवा एवं स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के लिए नगर पालिका परिषद का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। यह पत्र नगर पालिका परिषद अधिशाषी अधिकारी द्वारा समाजसेवी कुलदीप शुक्ला को दिया गया।

नवनियुक्त ब्रांड एंबेसडर ने नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वासियों से कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में शहर को और अधिक स्वच्छ रखना है। सभी लोग कूड़ेदान का प्रयोग करें। सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाएं।

## बच्चों में अवसाद ले रहा एंजाइटी का रूप

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** मानसिक रोग बच्चों में अवसाद और एंजाइटी के रूप में बहुत ज्यादा फैला है, जिसे लोग साधारण मानते हैं, लेकिन यह आगे चलकर गंभीर हो जाता है। बच्चों में एंजाइटी न हो इसके लिए पारिवारिक सदस्य स्कूल में शिक्षक अच्छे काउंसलर हो सकते हैं।

क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डा.रिजवाना हाशमी ने मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर शनिवार को सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में आयोजित मानसिक जागरुकता कार्यशाला में छात्राओं को संबोधित करते हुए यह बात कहीं। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट ने कहा कि यदि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर अभिभावक चितिंत है तो सबसे पहले उन व्यवहारों का वर्णन तैयार करना चाहिए जो चिंता का विषय बने हुए हैं। बच्चों के शिक्षक, दोस्त, रिश्तेदार और देखभाल करने वालों से बात करके देखे कि क्या उन्होंने भी बच्चे के व्यवहार में बदलाव देखा है। यदि वाकई में बदलाव दिखाई दे रहे हैं तो निश्चित ही चिंताजनक है। इस पर बच्चे को तत्काल डाक्टर को दिखाएं। मानसिक जागरुकता कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्या अमिता सिंह ने छात्राओं से कहा कि बच्चे अपने घर में माता-पिता की बाते स्वीकार करें। शिक्षकों का सम्मान करें। विद्यालय में जिन बच्चियों से टॉप किया है उनसे प्रेरणा ले। साइकाइट्रिक नर्स त्रिभुवन नाथ ने कहा किसी को मिर्गी या हिस्टीरिया के दौरे आते हैं तो वह जिला अस्पताल में अवश्य दिखाए। यदि एंजाइटी होती है तो वह भी जिला चिकित्सालय के मानसिक कक्ष में अवश्य काउंसिलिंग करा सकते हैं। कार्यक्रम में मूल्यांकन अधिकारी नरेंद्र कुमार मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सहायक अनुपम त्रिपाठी ने छात्र बच्चों से प्रश्न पूछा। जिन बच्चों ने सही उत्तर दिया उनको पुरस्कृत भी किया गया। इन बच्चों में संजना, राधा द्विवेदी, चंचल, दीक्षा, स्मृति मिश्रा, वैष्णवी, अन्विता सिंह आदि छात्राएं शामिल रहीं। कार्यक्रम में विद्यालय की सभी शिक्षिकाओ ने सहयोग किया। मनोरोग चिकित्सक डा.हरदयाल व सहायक अशोक कुमार द्वारा जेल विजिट भी की गई।

- सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में मानसिक जागरुकता कार्यशाला


कार्यशाला में पुरस्कृत की गईं छात्राएं। अमृत विचार



मतदाता जागरुकता रैली को झंडी दिखाते बीडीओ राजेश तिवारी। अमृत विचार

## गांव-गांव जागरुकता रैली निकाल मतदान की प्रेरणा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** पांचवें चरण की नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही जहां जिले में चुनावी सरगर्मियां तेज होने लगी हैं, वहीं प्रशासन अधिक से अधिक मतदान को प्रेरित करने लिए गांव-गांव, शहर-शहर मतदाता जागरूकता रैलियां निकाल कर लोगों को जागरूक कर रहा है।

शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल के मार्गदर्शन में जगह-जगह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महुआ विकासखंड के छिबांव गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। खंड विकास अधिकारी राजेश तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। स्कूली बच्चों ने मतदान के लिए प्रेरित करने वाले स्लोगनों और नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया और सभी को अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प दिलाया। ऐसे ही राजकीय इंटर कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## रंगदारी न देने पर युवक को पीटा

**बांदा:** शहर कोतवाली क्षेत्र के अलीगंज निवासी जीशान (19) पुत्र रशीद शुक्रवार की रात वह दुकान से घर जा रहा था। तभी रास्ते में आठ लोगों ने उसे घेर लिया और हाकी-डंडों से पीट कर घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल जीशान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पिता ने बताया कि जीशान कपड़े की दुकान में बैठता है। कुछ युवक उससे रंगदारी के तौर पर रुपये मांग रहे थे।

### हाथ की नस काटकर जान देने का प्रयास

**बांदा :** बबेरू कस्बा निवासी अब्दुल गनी (40) ने शुक्रवार की रात किसी बात से नाराज होकर अपने बाएं हाथ की नस काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजन उसे सीएचसी लेकर आए। यहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## आग से किसान की गृहस्थी राख

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** जिले में दमकल विभाग के वाहनों की हालत खस्ता है। आग बुझाने से पहले ही वाहनों की सांस फूल रही है। ताजी घटना में नरैनी तहसील क्षेत्र के पतौरा गांव में किसान के मकान में आग लगने से घर-गृहस्थी राख हो गई। सूचना के डेढ़ घंटे बाद पहुंचा दमकल वाहन का सिस्टम खराब हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में लाखों रुपये की क्षति का अनुमान है।

महुआ विकास खंड क्षेत्र के पतौरा गांव निवासी रतीराम शुक्ला पुत्र शिवबदन के मकान में शुक्रवार की शाम अचानक आग लग गई। तेज हवाओं ने आग को कुछ ही देर में और भड़का दिया। पलक छपकते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मकान से आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठने लगीं। गृहस्वामी समेत परिवार के लोगों ने शोर मचाया। तमाम पड़ोसी शोर सुनकर मदद को मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश त्रिपाठी मौके पर पहुंच गए। प्रधान प्रतिनिधि ने गिरवां थाना व दमकल को अग्निकांड की सूचना दी। सूचना देने के बाद गिरवां पुलिस के कानों में जूं नहीं रेंगी। ग्रामीण आग पर काबू पाने का प्रयास लगातार करते रहे। सूचना देने के लगभग डेढ़ घंटा बाद मौके पर पहुंचा फायर टैंकर खराब हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने से पहले ही फायर टैंकर जवाब दे गया। अग्निपीड़ित ने बताया कि अग्निकांड में लाखों रुपये की संपत्ति खाक हो गई। प्रधान प्रतिनिधि ने अग्निकांड की सूचना राजस्व विभाग को देकर आर्थिक मदद की मांग की।


पतौरा गांव में मकान से उठतीं आग की लपटें। अमृत विचार

- डेढ़ घंटे बाद पहुंचे दमकल वाहन का सिस्टम खराब

## ओवरलोडिंग, अवैध खनन के लिए सुर्खियों में महुटा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** जहां एक ओर प्रशासनिक अमला लोकसभा चुनाव कराने में व्यस्त है, वहीं बालू माफिया मौके का फायदा उठाने से नहीं चूक रहे हैं। बालू माफिया प्रशासनिक ढिलाई का लाभ उठाते हुए धड़ल्ले से अवैध खनन और ओवरलोडिंग के जरिए सरकारी राजस्व को चूना लगाने में मस्त हैं। अतर्रा क्षेत्र के महुटा में संचालित बालू खदान में इन दिनों दिनदहाड़े ओवरलोड बालू भरे ट्रक फर्राटा भर रहे हैं।

वर्षाकाल शुरू होने से दो माह पहले ही बालू माफिया भंडारण करने के लिए सक्रिय हो गए हैं। बदौसा क्षेत्र के महुटा में चह रही बालू खदान के संचालक नियमों को ताक पर रख कर धड़ल्ले से बालू का अवैध खनन व परिवहन करने में जुटे हैं। सूत्रों की मानें तो महुटा खदान संचालक बांदा जिले से बालू निकालकर पड़ोसी जनपद चित्रकूट के रौली कल्याणपुर में एकत्र कर रहे हैं। बताया जाता है कि खदान संचालक चित्रकूट जिले के मूल निवासी हैं, ऐसे में वह वर्षाकाल के समय बालू का अवैध भंडारण करके मोटी कमाई करने की जुगत में हैं। खदान संचालक की मनमानी से जहां नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं, वहीं ओवरलोडिंग व अवैध खनन-भंडारण से सरकारी राजस्व को लाखों का चूना भी लग रहा है। अवैध खनन व परिवहन पर अंकुश लगाने का दावा करने वाले खनिज अधिकारी व चेकिंग के गठित टास्क फोर्स के अफसर मूक दर्शक बने हुए हैं। ऐसा नहीं है कि विभागीय अधिकारी व जांच टीमें बालू माफिया की मनमानी से अंजान है, लेकिन जानबूझ कर बालू माफिया की मनमानी को मूक सहमति देने से उनकी कार्यशैली पर भी सवालिया निशान लगते हैं। उधर महुटा से रौली कल्याणपुर तक फर्राटा भरते ओवरलोड बालू भरे ट्रक सड़कों को ध्वस्त कर रहे हैं और सड़क हादसों का कारण भी बन रहे हैं। लोगों ने जिलाधिकारी से बालू माफिया की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की है।

- खदान में धड़ल्ले से बालू लादकर फर्राटा भर रहे हैं ओवरलोड ट्रक


कस्बे में फर्राटा भरते बालू भरे ओवरलोड ट्रक।


## जयराम व अरुण ने छोड़ी बसपा

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- बसपा में अंतर्कलह और कॉडर की उपेक्षा पर जताई नाराजगी
- बबेरू के जिला पंचायत सदस्य ने भी दिया बसपा से त्यागपत्र

**अमृत विचार:** तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र से बसपा के टिकट पर पिछला चुनाव लड़ चुके पार्टी के कद्दावर नेता जयराम सिंह बछेउरा ने आखिरकार हाथी की सवारी छोड़ ही दी। हालांकि अभी उन्होंने किसी दल में शामिल होने के संकेत नहीं दिए हैं। ऐसे ही बसपा के टिकट पर जिला पंचायत सदस्य अरुण पटेल ने भी बसपा से त्यागपत्र दे दिया है।

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले बहुजन समाज पार्टी को तगड़ा झटका लगा है, पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम सिंह बछेउरा ने पार्टी जिलाध्यक्ष को त्यागपत्र भेज कर बसपा के अंर्तकलह और कॉडर के कार्यकर्ताओं की उपेक्षा पर नाराजगी जाहिर की है। कहा है कि बसपा सुप्रीमो मायावती की अगुवाई में हम जिन लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, आज वही वर्ग हाशिए पर जा रहा है। वंचितों, शाषितों की लड़ाई लड़ने का दावा करने बसपा ने शायद अब अपने एजेंडे से इन्हें बाहर कर दिया है। श्री सिंह ने कहा कि मौजूदा समय में पार्टी की नीतियों और रीतियों में खुद को फिट नहीं पाते हैं। हालांकि श्री सिंह ने अभी किसी दूसरे दल में जाने या कोई पद लेने से इंकार किया है। कहा है कि वह किसानों, वंचितों, शोषितों और मजदूरों के हित में संघर्ष करते हुए एक समर्पित सेवक के रूप में कार्य करते रहेंगे और उनके दुख सुख में शामिल होकर उनकी आवाज व समस्याओं को उच्च स्तर तक पहुंचाते रहेंगे। बता दें कि श्री सिंह की धर्मपत्नी सीता सिंह मौजूदा समय में चिल्ला क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य हैं। उधर बबेरू क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य अरुण पटेल ने भी बसपा जिलाध्यक्ष को अपना इस्तीफा भेज दिया है। अरुण पटेल ने 2008 में बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। वह मंडल कोआर्डिनेटर तक पहुंचे थे।


जयराम सिंह। अरुण पटेल।

## 25 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बांदा:** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराध उन्मूलन अभियान के तहत कालिंजर थाना पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से 25 लीटर कच्ची देशी शराब बरामद की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी लंबे समय से कच्ची शराब का अवैध कारोबार कर रहा था।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को लेकर जनपद में अपराध उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत कालिंजर थाना पुलिस अवैध शराब बनाने और बिक्री करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया। इसी क्रम में शुक्रवार की रात गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा मिली सूचना पर कटरा कालिंजर स्थित एक घर में दबिश देकर अवैध देशी शराब महुआ की बिक्री करते हुए एक को गिरफ्तार कर लिया।

## बदमाशों ने बाइकसवार युवकों को पीटकर लूटा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** बदमाशों ने बाइक सवार दो युवकों को बेहरमी से पीट कर लूट लिया। घटना की सूचना परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनो ने दोनो को उठा कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल किया।

पैलानी थाना क्षेत्र पड़ोहरा गांव निवासी नाथूराम (21) पुत्र स्वामीदीन शुक्रवार की रात घर जा रहा था। तभी जसपुरा और झझरीपुरवा गांव के बीच बोलेरो सवार तीन लोगों ने नाथूराम को रोक लिया। उसे बेरहमी से मार पीट लूट लिया। इसी तरह हमीरपुर कोतवाली क्षेत्र के पारा ओझी गांव निवासी हीरालाल (35) पुत्र विजयपाल बाइक से झंझरी पुरवा बारात जा रहा था। बदमाशो ने उसे भी रोक लिया। हीरालाल को बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। काफी देर बाद जब हीरालाल बारात स्थित नही पहुंचा तो कुछ लोगो ने फोन किया। इसी बीच बारात में आ रहे कुछ लोगो ने सड़क किनारे पड़ा देखा तो परिजनो को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजनो ने दोनो को उठाकर सीएचसी जसपुरा में भर्ती कराया। जहां डाक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दोनो को यहां लाकर भर्ती कराया गया। हीरालाल के बहनोई मनोज ने बताया कि सबसे पहले पड़ोरा के युवक को लूटा गया है। इसके बाद हीरालाल को निशाना बनाया गया है। मनोज के मुताबिक पुलिस को सूचना दी गई थी। पुलिस ने वीडियोग्राफी भी की है।

समीक्षा बैठक | लोगों को हीट वेव के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए

# सीडीओ ने बबेरू के ईओ का वेतन रोकने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान प्रगति समीक्षा बैठक से बबेरू नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी के गैरहाजिर रहने पर मुख्य विकास अधिकारी ने वेतन रोकने के निर्देश दिए। कहा कि हीट वेव के प्रति आम जनमानस को जागरुक करने के साथ ही सभी विद्यालयों में अभियान चलाकर बच्चों को लू एवं मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए सफाई के साथ सभी आवश्यक जानकारियां उपलब्ध कराई जाएं।

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा करते हुए प्रगति जानी। इस दौरान बबेरू नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी के बैठक में उपस्थित न होने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने वेतन रोकने के आदेश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने बाल विकास सेवा पुष्टाहार विभाग सीडीपीओ कमासिन एवं जसपुरा को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ियों की विजिट में सुधार करना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग के सभी अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि आशाओं की विजिट में भी सुधार करना सुनिश्चित करें और आशाओं, सीएचओ एवं एएनएम को आदेशित करें कि क्षेत्र में लक्षण युक्त मरीजों का विवरण यूडीएसपी पर अपलोड करना सुनिश्चित करे। इसी क्रम में अधीक्षक बबेरू को निर्देश दिए कि सभी सीएचओ व एएनएम को 12 बीमारियो एवं यूडीएसपी पोर्टल के बारे में जानकारी देना भी सुनिश्चित करें। बैठक में सीएमओ डा.एके श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा.आरएन प्रसाद, डा.डीसी दोहरे, डा.मुकेश पहाड़ी, सीएमएस, डीएमओ पूजा अहिरवार, प्रदीप कुमार, विजय बहादुर, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्ष आदि उपस्थित रहे।


जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में शामिल अधिकारी, कर्मचारी।


बैठक को संबोधित करते सीडीओ।

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की विजिट में सुधार सुनिश्चित करें

## आग से 14 बीघे फसल जली

**बबेरू:** खलिहान में रखी गेहूं एवं सरसों की फसल मे अचानक आग लग जाने से 14 बीघे की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका।

बबेरू तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमलोहरा निवासी विजय बहादुर द्विवेदी व भाई शिव चरण द्विवेदी की खलिहान मे रखी गेहू एव सरसों की 14 बीघे की फसल में रात को अचानक आग लग गई। जिसमें पूरी फसल जलकर राख हो गई। किसान का लाखों का गल्ला जलने से उसके सामने भरपाई की समस्या खड़ी हो गई। किसान इस फसल से न केवल घर खर्च चलाता बल्कि उसका उसका घर में भी उपयोग करता। इस आग ने उसकी योजनाओं पर पानी फेर दिया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को करें जागरूक

## स्वीप कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई समीक्षा बैठक

कार्यालय संवाददाता महोबा

- कहा, रैली निकाल कर बतायें मतदान का महत्व
- स्कूलों व विभागों के कर्मचारियों द्वारा रैली निकालने को कहा



**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदाता जागरुकता के लिए स्वीप कार्यक्रम की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने पर जोर दिया गया, जिससे अधिक से अधिक मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में प्रत्येक नागरिक को मतदान करने का अधिकार है, इसलिए अपने इस अधिकार का सभी को इस्तेमाल करना चाहिए, तभी अच्छी सरकार का गठन होगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी बूथों, विद्यालयों में मतदाता जागरुकता से सम्बंधित वाल पेंटिंग, वाल राइटिंग कराएं। मानव श्रृंखला, रैली के माध्यम से मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करें एवं सप्ताह में एक बार प्रत्येक विद्यालय द्वारा मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया जाये। जिला विद्यालय निरीक्षक को भी निर्देश दिए कि स्कूली बच्चों द्वारा मतदाता जागरुता रैली निकालकर मतदान के प्रति मतदाताओं को प्रेरित किया जाए। सभी विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों तथा उनके अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि स्कूलों के बच्चों के साथ रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया जाये। बच्चों को चुनाव का महत्व बताया जाये कि हमारे एक वोट का क्या महत्व है और विभागों के कर्मचारियों द्वारा भी रैली निकाल कर लोगो को जागरूक किया और बताया जाये कि मतदान करने से हमारे देश का भविष्य तय होता है इसलिये हमें मतदान अवश्य करना चाहिये ।

उन्होंने कहा कि बुंदेली गायकों के द्वारा मतदाता जागरुकता सम्बन्धी गीतों के माध्यम से लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक करें। बुंदेली गीत सुनकर लोगों की भीड़ जमा होगी और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा सकेगा। बैठक में प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित लोगों को मतदान की रूपरेखा के प्रति जानकारी दी गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी स्वीप चित्रसेन सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रधानाध्यापिका राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सरगम खरे सहित स्वीप कार्यक्रम से जुड़े अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रबंधक के निधन पर पांच मिनट का मौन रख दी श्रद्धांजलि

**महोबा।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व जिला संघ चालक व दुर्गा संस्कृत महाविद्यालय के प्रबंधक नवीनचंद्र शुक्ल के निधन पर कालेज में शनिवार को एक शोकसभा का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्रबंधक के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पांच मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने कहा कि स्व. शुक्ला राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कई वर्षों तक जिला संघ चालक के पद पर रहे थे। कहा कि उनके निधन से समाज को अपूर्णनीय क्षति हुई है। संगीताचार्य पं. जगप्रसाद तिवारी ने कहा कि स्व. शुक्ला जी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बाल स्वयं सेवक थे और उन्होंने अपने दायित्वों को भलीभांति निर्वहन किया। इस मौके पर विद्यालय के समस्त आचार्य और छात्र मौजूद रहे।

# आबकारी टीम ने शराब की भट्टियां तोड़ी

कार्यालय संवाददाता महोबा



गिरफ्तारी के बाद अभियुक्तों के साथ खड़ी पुलिस टीम । अमृत विचार

- पुलिस ने दो हजार लीटर लहन मौके पर नष्ट कर शराब बनाने के उपकरण किए जब्त

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने जगह-जगह छापामारी कर 1100 लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब की भट्टियों को तोड़ दिया और दो हजार लीटर लहन को नष्ट कर दिया।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन मे एवं अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व क्षेत्राधिकारी सदर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में गठित टीम के उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह व एसआई सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुये कबूतरा डेरा बिच्छू पहाड़िया शहर महोबा से शिव किशोर (55) पुत्र रामलाल कबूतरा, गौतम ऋषि (24) पुत्र शिव किशोर कबूतरा, हरि (62) पुत्र विजय कबूतरा व रमेश कोरी (55) पुत्र किशन कोरी निवासीगण बिच्छू पहाड़िया थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को 600 लीटर कच्ची देशी शराब व शराब बनाने प्रयोग किए जाने वाली एक अदद लोहे का ड्रम, दो अदद मिट्टी की छोटी नाद सहित तमाम उपकरण गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके पर ही बरामद करीब 1000 लीटर शीरा (गुड़) को नष्ट किया गया। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

इसी प्रकार प्रभारी निरीक्षक कबरई वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम के उपनिरीक्षक रामकिशन यादव के द्वारा मिनाक्षी (30) पत्नी जीतू उम्र व पायल (32) पत्नी आयुष कबूतरा को वर्मा तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर 500 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई साथ मौके पर 1000 लीटर लहन को नष्ट किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया। पुलिस टीम में एसआई रामकिशन यादव, एसआई सर्वेन्द्र सचान,एसआई अजय प्रताप सिंह,महिला एसआई मालती साहू, महिला एसआई शिवांगी गुप्ता आदि रहे।

# पुत्र ने वृद्ध पिता को लाठी-डंडों से पीटा

कार्यालय संवाददाता महोबा

- घायल पिता ने थाना कबरई में पुत्र के खिलाफ दी लिखित तहरीर

**अमृत विचार।** कस्बा कबरई में एक पुत्र ने अपने वृद्ध पिता की लाठी डंडे से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों के बीच बचाव के बाद घायल वृद्ध को स्वास्थ्य केंद्र कबरई ले जाया गया, जहां पर डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

कस्बा कबरई के मोहल्ला विशाल नगर निवासी देवीदयाल (70) का पुत्र बरदानी नशे का आदी हैं। शुक्रवार की रात नशे में धुत पुत्र किसी घर आया और परिजनों के साथ गाली गलौज कर हंगामा काटने लगा और पिता से नशा करने के लिए पैसों की मांग करने लगा, जिस पर पिता ने पैसा देने से इंकार दिया, जिस पर पुत्र ने लाठी से अपने पिता पर प्रहार करने लगा।

पुत्र द्वारा पिता की मारपीट होता देख अन्य परिजन वहां आ गए और नशे में धुत बरदानी को पकड़ कर अगल किया, लेकिन वह एक नहीं माना और अपने पिता के सिर पर जोरदार प्रहार कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों द्वारा वृद्ध को बचाकर सीएचसी कबरई ले गए, जहां पर डाक्टरों ने सिर पर गहरी चोट होने के कारण जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वृद्ध ने थाना कबरई में पुत्र के विरुद्ध मामला दर्ज कराया।

## लोधी समाज का विवाह सम्मेलन आज

**महोबा।** महोबा कुलपहाड़ मार्ग पर शिशु शिक्षा निकेतन स्कूल परिसर में 28 अप्रैल को लोधी समाज का विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जहां पर महोबा हमीरपुर सहित कई जिलों के लोधी समाज के वर वधु का विवाह संपन्न कराया जाएगा। इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

लोधी समाज विवाह समिति के उपाध्यक्ष बालकृष्ण राजपूत में बताया कि सुबह 11:00 बजे शिशु शिक्षा निकेतन स्कूल परिषद में विवाह संपन्न कराने की रस्में शुरू कर दी जाएगी। विद्यालय परिसर में मंडप और हवन कुंड तैयार कर लिए गए हैं। वर और वधु पक्ष के लोगों के खान-पांच की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि सुबह से शाम तक विवाह कराए जाएंगे।

# बुआ से मजाक पर दुल्हन ने लौटाई बारात

कार्यालय संवाददाता महोबा



शादी वाले घर में शांत बैठा परिवार। अमृत विचार

- विवाह न होने पर शादी घर में हंसी खुशी का माहौल हुआ शांत

**अमृत विचार।** थाना श्रीनगर के ग्राम कैमाहा में भांवरों के कार्यक्रम दौरान दूल्हा द्वारा दुल्हन की बुआ के से की गई हंसी मजाक कुछ ज्यादा ही गंभीर हो गई और इससे भड़की दुल्हन ने शादी करने से इंकार कर दिया, जिससे बारात बैरंग लौट गई।

पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के जनपद छतरपुर के थाना नौगांव के ग्राम चंद्रपुरा निवासी दीपक की शादी श्रीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कैमाहा में रहने वाले हल्के अहिरवार की बेटी करीना के साथ तय हुई थी। दीपक बारात लेकर कैमाहा गांव पहुंचा, जहां पर रात में भांवरों की रस्में चल रही थीं। लोग विवाह कार्यक्रम का आनंद ले रहे थे, लेकिन भांवरों के दौरान दूल्हा ने दुल्हन की बुआ के साथ कुछ ज्यादा ही हंसी मजाक कर दिया , जो दुल्हन को नागवार गुजरा और दुल्हन उठकर चली गई और शादी से इंकार कर दिया।

दुल्हन के शादी न करने के फैसले से शादी वाले घर में हलचल मच गई। दुल्हन के इस निर्णय से वर पक्ष के लोग भी परेशान हो गए और शादी करने के लिए काफी मान मनव्वल भी की गई, लेकिन दुल्हन ने साफ इंकार कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन मामला नहीं बन पाया एक दूसरे को उनका सामान दिलाकर मामला रफादफा कराया।

# यूनीफार्म का पैसा बैंक खातों में पहुंचा

कार्यालय संवाददाता महोबा

- खातों में पैसा भेजे जाने की विभाग ने शुरू की कवायद

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित विद्यालयों में अब छात्र छात्राओं के अभिभावकों के बैंक खातों में यूनीफार्म और स्टेशनरी का पैसा पहुंचने से जहां बच्चों को अब नई नई यूनीफार्म मिलेगी, वहीं एक एक विद्यार्थी के हिसाब से 1200-1200 रुपये आने से अभिभावक भी फूले नहीं समा रहे हैं। अब समय से पैसा आ जाने से बच्चों की ड्रेस भी गर्मियों की छुट्टी में तैयार हो जाएंगी और नए सत्र में अब बच्चे नई नई यूनीफार्म के साथ स्कूलों में नजर आएंगे।

शासन ने अब बच्चों को विद्यालयों से यूनीफार्म न देकर अभिभावकों के खातों में पैसा भेजना शुरू कर दिया है। अभिभावकों के बैंक खातों में पैसा पहुंचने से प्रधानाचार्यों द्वारा कपड़ा खरीदने, यूनीफार्म बनवाने और स्कूली छात्र छात्राओं की नाप के लिए दर्जी को बुलाने जैसे तमाम झंझटों से निजात मिल गई है। वहीं अभिभावकों के खातों में पैसा पहुंचने से कुछेक अभिभावक दो ड्रेसों के स्थान पर एक यूनीफार्म बनवाते हैं और दूसरी ड्रेस के स्थान पर पुरानी यूनीफार्म से काम चलाते हैं, जिसके चलते बच्चों में थोड़ा असंतोष दिखाई देता है, लेकिन जुलाई में पहले दिन नई यूनीफार्म के साथ स्कूल जाने की अलग खुशी झलकती है।

# 7: 30 से 12:30 बजे तक खुले स्कूल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- अमृत विचार की खबर का असर, 25 अप्रैल को प्रमुखता से छापी गई थी खबर



तापमान पहुंचा 40.5 डिग्री के पार

25 अप्रैल की प्रकाशित खबर की कटिंग।

**अमृत विचार।** जिले में शिद्दत भरी गर्मी और गर्म हवाओं के बीच स्कूल से लौटने वाले छोटे-छोटे बच्चों की हालत पर 25 अप्रैल को अमृत विचार ने प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया था। खबर का असर यह हुआ कि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने भीषण गर्मी और आसमान से बरस रही आग में बच्चों के स्कूल से लौटने पर तेज धूप और लू से बचाने के लिए कक्षा एक से आठ तक के बेसिक शिक्षा विभाग से संबद्ध सभी विद्यालयों का समय सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक कर दिया है। विद्यालय का समय परिवर्तित होने पर छात्र -छात्राओं और अभिभावकों ने खुशी जताई।

मालूम हो कि अप्रैल माह के अंतिम दिनों में प्रचंड गर्मी और तेज धूप ने आम आदमी को झकझोर कर रख दिया है। आसमान से आग उगल रही तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच विद्यालय जाने वाले छोटे-छोटे नौनिहाल स्कूल से लौटते समय बेहाल हो जाते थे। तमाम स्कूली बच्चे धूप से बचने के लिए सिर पर बस्ता और कुछ बच्चे घर से चादर लेकर स्कूल जाते थे और लौटते समय धूप से बचाव के लिए सिर पर चादर ओढ़कर बच्चे अपने-अपने घर पहुंचते थे, लेकिन भीषण गर्मी में उनकी हालत दयनीय हो जाती थी। बच्चों को स्कूल से लौटते समय बेहाल देखते हुए अमृत विचार ने खबर को जोरदार तरीके से प्रकाशित किया था।

खबर प्रकाशित होने के बाद जिला बेसिक शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन ने खबर को संज्ञान में लेकर तत्काल प्रभाव से दो दिन के अंदर विद्यालयों के समय परिवर्तन का आदेश जारी कर दिया, जिससे कि बच्चों को तेज धूप और लू के थपेड़ों से बचाया जा सके। अब बच्चों के स्कूल का समय बदलने से सुबह ठंडे मौसम में साढ़े सात बजे अपने अपने विद्यालय पहुंच जाते हैं और साढ़े बारह बजे छुट्टी होने पर अपने अपने घर लौट जाते हैं, जबकि अध्यापकों की एक बजे छुट्टी होती है। समय परिवर्तन से बच्चों को तेज धूप और लू के थपेड़ों से निजात मिल गई है।

## टायर फटने से पिकअप पलटी तीन घायल

**राठ(हमीरपुर)।** पनवाड़ी मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के पास टायर फटने से पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में पिकअप में सवार तीन लोग घायल हो गए।

जनपद महोबा के पनवाड़ी थाना अंतर्गत टोला पातर गांव निवासी 35 वर्षीय मनमोहन पुत्र मन्सू ने बताया कि वह पिकअप से गल्ला मंडी में गेहूं बेचने के लिए आ रहे थे। तभी पनवाड़ी मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के पास टायर फटने से पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे पिकअप में सवार मनमोहन, 38 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र हरीराम, 32 वर्षीय प्रेम नारायण पुत्र तुलसीदास घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले गए। वहीं क्षेत्र के पथनौड़ी गांव निवासी 30 वर्षीय आरती पत्नी दीपू मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गए।

# योग्यता परीक्षा में निधि जिले में रहीं द्वितीय

संवाददाता जैतपुर, महोबा



छात्राओं का माला पहनाकर स्वागत करते टीचर। अमृत विचार

- कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय जैतपुर की तीन छात्राओं का हुआ चयन

**अमृत विचार।** परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा का आयोजन किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसी क्रम में जैतपुर के कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2024 कराई गई, जिसमें इसी विद्यालय से तीन छात्राओं का चयन हुआ, जिसमें से एक छात्रा ने 136 अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा और जैतपुर ब्लाक में प्रथम स्थान हासिल कर परिवार को गौरवान्वित किया है।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में निधि कुशवाहा पुत्री स्व. गुलाब कुशवाहा ने 136 अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान एवं जैतपुर ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिंसी पुत्री मानिक अनुरागी ने 120 अंक प्राप्त कर 15वीं रैंक हासिल की हैं, वहीं स्नेहा अनुरागी ने 106 अंक प्राप्त कर 29वीं रैंक हासिल की है। खंड शिक्षा अधिकारी जैतपुर प्रवेश कुमार बाजपेई ने चयनित छात्राओं को मिष्ठान खिलाकर उनका उत्साहवर्द्धन किया। शिक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को 12वीं तक पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति मिलेगी। इस परीक्षा में वे ही छात्र-छात्राएं सम्मिलित किए गए जिन्होंने कक्षा 7 की परीक्षा न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया है।

बताया कि बच्चियों को कक्षा 9 से 12 तक 48,000 हजार रुपया, प्रतिवर्ष 12000 रुपये प्राप्त होंगे। प्रधानाध्यापक मुन्नालाल तिवारी ने आभार प्रकट किया एवं बच्चियों को शुभकामनाएं प्रेषित की । अभिभावक अरविंद कुमार अनुरागी ने बच्ची की सफलता पर समस्त स्टाफ का मुंह मीठा कराया । कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय जैतपुर से लगातार राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफल होते आ रहे हैं। इस मौके पर विद्यालय स्टाप अफरोज खातून, सोमवती, अनीता सोनी, छत्रपाल सिंह यादव, रमेशचंद्र वर्मा, भरतराज पुष्पा सोनी, स्वीटी राजपूत, पवन कुमारी ने छात्राओं का माला पहनकर स्वागत किया और मेडल देकर पुरस्कृत किया।

सियासत | बसपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलकर बढ़ाई भाजपा की मुश्किल

# भाजपा की हैट्रिक रोकने की कोशिश में बसपा

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** हमीरपुर महोबा, तिंदवारी क्षेत्र सीट पर दो बार लगातार लोकसभा चुनाव जीत चुके कुं. पुष्पेंद्र सिंह चंदेल हैट्रिक लगाने के लिए जोड़ तोड़ से जुटे हुए हैं, लेकिन अचानक बसपा ने ब्राहम्ण कार्ड खेलते हुए बहुजन समाज पार्टी से ब्राहम्ण प्रत्याशी को टिकट देकर भाजपा प्रत्याशी के परांपरागत वोट माने जाने वाले ब्राहम्ण मतदाताओं में सेंध लगाने का काम किया है।

मालूम हो कि संसदीय सीट पर सबसे ज्यादा सात बार लोधी प्रत्याशियों का इस सीट पर कब्जा रहा है, जबकि पांच बार ठाकुर और पांच बार ब्राहम्ण प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। इस दफा समाजवादी पार्टी ने पीडीए कार्ड खेलकर लोधी प्रत्याशी अजेंद्र सिंह लोधी पर विश्वास जताया है, जबकि बहुजन समाज पार्टी ने भाजपा के परंपरागत वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए ब्राहम्ण प्रत्याशी निर्दोष दीक्षित पर दांव लगाया है। सपा ने बैकवर्ड और भाजपा ने ब्राहम्ण प्रत्याशी को उतारकर भाजपा प्रत्याशी की घेराबंदी शुरू कर दी है। इसी वोट बैंक के सहारे भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने लगातार जीत दर्ज कर दिल्ली का रास्ता तय किया है और अब वह इस बार चुनाव में हैट्रिक लगाने के लिए पूरी तरह से फ्री माइंड होकर राजनीति का खेल खेल रहे हैं, लेकिन बसपा ने बड़ा दांव खेलते हुए इस बार भाजपा प्रत्याशी की थोड़ी मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

बसपा के ब्राहम्ण प्रत्याशी के चुनावी समर में कूदने से अब संसदीय क्षेत्र का लोकसभा चुनाव त्रिकोणी हो गया है। अब किसी भी प्रत्याशी के लिए चुनाव में जीत बहुत आसान नहीं रह गई है। सभी प्रत्याशी अपने अपने जीत के दावे कर रहे हैं, लेकिन असली तस्वीर तो चुनाव परिणाम के बाद ही दिखाई देगी।

हालांकि अब तक के चुनाव नतीजों के अनुसार सबसे ज्यादा इस सीट पर लोधी प्रत्याशियों का दबदबा रहा है, लेकिन तिंदवारी विधानसभा महोबा हमीरपुर संसदीय मे जुड़ जाने से अब ठाकुर मतदाताओं की भी संख्या बढ़ गई है। संसदीय क्षेत्र में जातिवाद हावी होने के कारण यहां पर टिकट का बंटवारा भी उसी हिसाब से किया जाता है।

### 25 साल से संसद नहीं पहुंचा लोधी प्रत्याशी

- ढाई दशक से संसदीय सीट पर लोधी मतदाताओं को जीत हासिल नहीं हुई है। यही वजह है कि इस बार के चुनाव में लोधी प्रत्याशी सपा कांग्रेस गठबंधन से टिकट मिलने के बाद चुनावी वैतरणी पार करने के लिए जीजान से जुटा हुआ है। यही वजह है कि चुनाव में अब लोधी भी सजातीय प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार में खुलकर निकलने लगे हैं। संसदीय क्षेत्र की राठ और चरखारी विधानसभा सीट लोधी बाहुल्य होने और महोबा विधानसभा में लोधी मतदाताओं की अच्छी संख्या होने से लोधी प्रत्याशी इस दफा दो माह से चुनाव प्रचार में जुटा हुआ है, जिससे कोई भी गांव छूट न सके। फरवरी माह में अजेंद्र सिंह लोधी का टिकट तय होते ही समर्थकों के साथ गांव-गांव में संपर्क साधना शुरू कर दिया था इसके बाद भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल का टिकट माह मार्च में तय हो गया था।

## कैंसर से पीड़ित युवक ने दी जान

**महोबा।** लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे एक ग्रामीण ने काफी इलाज कराया। इलाज के बाद भी कोई आराम न लगने से आजीज आकर उसने गांव के बाहर एक कुएं में कूद कर जान दे दी।

महुआबांध निवासी आशाराम 42 पुत्र फित्तू कई सालों से कैंसर से ग्रसित था। उसका इलाज भी चल रहा था। इलाज के लिए उसने साहूकारों से कर्ज भी ले लिया था। दो माह पहले उसने ग्वालियर में कैंसर का आपरेशन कराया था। ऑपरेशन के बाद भी कोई खास आराम न मिलने वह और परेशान हो गया। जिसके चलते शनिवार को वह रोजाना की तरह सुबह-सुबह शौच क्रिया के लिए निकाला। रास्ते में लौटते समय मैले तालाब के पास मरूआ अहिरवार के कुएं मे कूद कर आत्म हत्या कर ली। परिजनों को कुएं में कूदने की सूचना मिलते ही वह दौड़ पड़े और ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौत से घर में कोहराम मचा गया।

# बाइक के पीछे बैठी महिला की गिरकर हुई मौत , मचा कोहराम

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



महिला की मौत पर सीएचसी में गमगीन बैठे परिजन। अमृत विचार

- बच्ची का इलाज कराकर गांव लौट रहा था पति

**अमृत विचार।** मासूम बेटी का इलाज कराकर वापस गांव लौट रहे बाइक सवार युवक की पत्नी बाइक से सड़क पर गिर गई। मौके पर मौजूद लोग महिला को लेकर गोहांड सीएचसी पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। महिला की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था।



सुमन।

चिकासी थाने के इस्लामपुर गांव निवासी परमेश्वरी दयाल केवट उर्फ लल्ला की सात माह की पुत्री वर्षा का खांसी जुकाम का इलाज कराने के लिए 25 वर्षीय पत्नी सुमन के साथ बाइक से गोहांड आया था। बच्ची का इलाज कराने के बाद दंपति बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। गोहांड कैमोखर रोड पर कांशीराम कालोनी के पास बाइक के पीछे बैठी सुमन का अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर सिर के बल जा गिरी। जिससे महिला के सिर पर गंभीर चोटें आ गई। मौके पर मौजूद आसपास के लोग महिला को लेकर सीएचसी गोहांड पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने सुमन को मृत घोषित कर दिया। लल्ला ने बताया कि वह खेती किसानी कर अपने परिवार का गुजर बसर करता है। महिला की मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। चिकासी थानाध्यक्ष ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

